## संक्षेप में

### एम्मार इंडिया गुरुग्राम में लगाएगी 1,000 करोड़ रु

रियल एस्टेट कंपनी एम्मार इंडिया प्रीमियम आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच गुरुग्राम में नई लक्जरी आवास परियोजना के निर्माण के लिए करीब 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने गुरुग्राम के सेक्टर 62 स्थित गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर नई परियोजना 'अमरिस' पेश की है। एम्मार इंडिया के मुख्य कार्य अधिकारी कल्याण चक्रवर्ती ने कहा, 'हमने गुरुग्राम में एक नई आवासीय परियोजना शुरू की है।' *भाषा*

### गोदरेज ने कोलकाता में 53 एकड़ जमीन खरीदी

रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने एक परियोजना के निर्माण के लिए कोलकाता में 53 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है, जिसकी राजस्व क्षमता करीब 500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। गोदरेज प्रॉपर्टीज भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है। *भाषा*

### रिन्यू एनर्जी ग्लोबल का मुनाफा 31 प्रतिशत बढ़ा

रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी (रिन्यू) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 493.9 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 377.1 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा किरिन्यू की कुल आय भी सालाना आधार पर बढ़कर 2,988.7 करोड़ रुपये हो गई। *भाषा*

**इंजीनियरिंग, विनिर्माण क्षेत्र का पोर्टफोलियो बढ़ा रहा अदाणी समूह**

# अदाणी की नजर अधिग्रहण पर

देव चटर्जी
मुंबई, 20 नवंबर

अरबपति अदाणी परिवार आईटीडी सीमेंटेशन और पीएसपी प्रोजेक्ट्स का अधिग्रहण करके खुद का (इन-हाउस) निर्माण और इंजीनियरिंग तंत्र तैयार कर रहा है। साथ ही वह सक्रिय रूप से अतिरिक्त अधिग्रहण के अवसरों की तलाश भी कर रहा है। बैंकरों ने यह जानकारी दी है।

साल 2030 तक अपनी 100 अरब डॉलर की निवेश योजना के तहत अहमदाबाद के इस समूह ने धारावी पुनर्विकास, गंगा एक्सप्रेसवे, मुंबई में एक विशाल कन्वेंशन सेंटर और हवाई अड्डों सहित बड़े स्तर पर कई निर्माण परियोजनाएं शुरू की हैं। इन परियोजनाओं के लिए इन-हाउस इंजीनियरिंग और निर्माण विशेषज्ञता की दरकार होती है। इसलिए समूह ने अक्टूबर में आईटीडी सीमेंटेशन, पीएसपी प्रोजेक्ट्स सहित हालिया अधिग्रहण किए हैं। बैंकरों का कहना है कि समूह परिवार कार्यालय के जरिए अन्य अवसरों पर विचार कर सकता है।

चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय के रूप में 67,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही अदाणी एंटरप्राइजेज के अधिकारियों ने कहा था कि ये अधिग्रहण इन-हाउस क्षमता का निर्माण करने के लिए हैं।

अदाणी समूह के सीएफओ जुगेशिंदर (रॉबी) सिंह ने सितंबर तिमाही के परिणामों के बाद आईटीडी सीमेंटेशन के अधिग्रहण का जिक्र करते हुए विश्लेषकों को बताया 'अदाणी इन्फ्रा (इंडिया), जो हमारी निर्माण शाखा है, आईटीडी सीमेंटेशन खरीद रही है, क्योंकि हमारे पूंजीगत व्यय में वृद्धि को देखते हुए उन्हें अपना निर्माण का पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की जरूरत है और चूंकि वे समूह की विभिन्न कंपनियों को निर्माण का आश्वासन प्रदान कर रहे हैं, इसलिए वे लगातार अपना पारिस्थितिकी तंत्र बढ़ा रहे और अपनी क्षमता का निर्माण कर रहे हैं।'

अक्टूबर में अदाणी समूह की रीन्यू एक्जिम डीएमसीसी, जो दुबई की निजी कंपनी है, ने इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में इसके प्रवर्तकों से 3,204 करोड़ रुपये की राशि में 46.64 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। यह अधिग्रहण समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स द्वारा सीके बिड़ला समूह से ओरिएंट सीमेंट में 8,100 करोड़ रुपये के इक्विटी मूल्यांकन पर 47 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के कुछ दिनों के भीतर किया गया था।

ये सौदे दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। पीएसपी प्रोजेक्ट्स के अधिकारियों ने कहा कि अदाणी के अधिग्रहण से उन्हें उम्मीद है कि उनकी ऑर्डर बुक मौजूदा 6,500 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़ जाएगी क्योंकि अदाणी के पोर्टफोलियो वाली कंपनियां रक्षा, हवाईअड्डों और बुनियादी ढांचे में कई परियोजनाएं शुरू कर रही हैं। कंपनी के अधिकारियों ने बुधवार को विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा कि पीएसपी प्रोजेक्ट्स कांडला में अदाणी समूह की औद्योगिक परियोजनाओं और मुंबई के धारावी में नई इमारतों के निर्माण की दौड़ में शामिल होगी।

**पुणे-3 ट्रांसमिशन खरीदेगी**

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने एक परियोजना विशेष इकाई पुणे-3 ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एईएसएल ने बुधवार को यह जानकारी दी। एईएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पुणे-3 ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीटीएल) परियोजनाओं में नए दो गुणा 1500 एमवीए, 765/400 केवी और तीन गुणा 500 एमवीए, 400/220 केवी पुणे-3 उपकेंद्रों की स्थापना और 816 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइन की स्थापना शामिल है। कंपनी ने कहा कि एईएसएल ने पुणे-3 ट्रांसमिशन लिमिटेड के 100 प्रतिशत इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण के लिए पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड के साथ एक शेयर खरीद समझौता (एसपीए) किया है।

इस समझौते के तहत, पीटीएल का लक्ष्य चरण-4 भाग डी पैकेज के तहत खावड़ा आरई पार्क (गुजरात) से सात गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी को क्रियान्वित करना होगा। यह अधिग्रहण एईएसएल की नए और पुराने अवसरों के माध्यम से अपने शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने की रणनीति को आगे बढ़ाने में मदद करेगा है। *भाषा*

### अधिग्रहण के जरिये विस्तार की तैयारी

**100 अरब डॉलर की निवेश योजना के तहत समूह ने कई निर्माण परियोजनाएं शुरू की हैं**

अदाणी समूह के अधिग्रहण

| घोषणा की तिथि | कंपनी का नाम | अधिग्रहणकर्ता | राशि |
|---|---|---|---|
| 6/13/2024 | पेना सीमेंट इंडस्ट्रीज | अंबुजा सीमेंट्स | 124.7 |
| 10/22/2024 | ओरिएंट सीमेंट | अंबुजा सीमेंट्स | 71.2 |
| 10/25/2024 | आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया | रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी | 59.3 |
| 5/16/2024 | एस्सार ट्रांसको | अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस | 22.8 |
| 8/30/2024 | एस्ट्रो ऑफशोर कॉर्प | अदाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकनॉमिक जोन | 19.5 |
| 11/20/2024 | पीएसपी प्रोजेक्ट्स | अदाणी इन्फ्रा (इंडिया) | 10.8 |
| 4/15/2024 | 1.5 एमटीपीए सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट/तूतीकोरिन | अंबुजा सीमेंट्स | 5.0 |
| 7/11/2024 | ओमकार केमिकल इंडस्ट्रीज | अदाणी विल्मर | 0.7 |
| 5/2/2024 | पॉइंटलीप प्रोजेक्ट्स | अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस | 0.2 |

कंपनी : अदाणी एंटरप्राइज, अदाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकनॉमिक, अंबुजा सीमेंट्स, अदाणी टोटाल गैस, एसीसी लिमिटेड, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी विल्मर, नई दिल्ली टेलीविजन, अदाणी पावर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने आवेदन किया : अधिग्रहणकर्ता
तारीख : सामान्य (1 जनवरी, 2024, 19 नवंबर 2024) आवेदन करने की, ऐलान करने वाली तारीख
सौदे की स्थिति : लंबित, पूरे हुए सौदे का प्रकार : अधिग्रहण और विलय, निवेश
आंकड़ों में समूह की कंपनियों के बीच हुए सौदे शामिल नहीं हैं स्रोत : ब्लूमबर्ग, बीएस रिसर्च ब्यूरो द्वारा संकलित। *करोड़ डॉलर में

DCB BANK

# स्टील आयात पर कर का अध्ययन कर रही सरकार : जिंदल

**अगले साल जनवरी के अंत तक जेएसडब्ल्यू के सीमेंट कारोबार के लिए आईपीओ लाने की मंजूरी मिलने की उम्मीद**

रॉयटर्स
बेंगलूरु, 20 नवंबर

**जेएसडब्ल्यू** समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने बुधवार को कहा है कि केंद्र सरकार चीन से स्टील आयात पर अस्थायी कर लगाने के अनुरोध का अध्ययन कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उन्हें अगले साल जनवरी के अंत तक उनके सीमेंट कारोबार के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की नियामकीय मंजूरी मिल सकती है।

सज्जन जिंदल ने कहा, 'हम इस्पात मंत्रालय के साथ काफी धैर्यवान रहे हैं।' साथ ही उन्होंने देश में चीनी स्टील की डंपिंग के खिलाफ सुरक्षा के लिए सरकार से उद्योग के अनुरोध भी जिक्र किया है। बेंगलूरु में आयोजित उद्योग के एक कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा, 'हम सरकार से मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों से भारत में आने वाले चीनी स्टील की धोखाधड़ी रोकने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं। अस्थायी कर पर अनुरोधों का अध्ययन करने की प्रक्रिया उपयोगकर्ता उद्योग के साथ परामर्श पर निर्भर है। हमें अभी तक मंत्रालय से कोई जवाब नहीं मिला है।

भारतीय स्टील मिलें चीनी स्टील आयात की बढ़ती आमद से जूझ रही हैं, जिससे घरेलू कीमतों पर असर पड़ रहा है और कंपनियों की कमाई भी प्रभावित हो रही है। सरकार के अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल से अक्टूबर के दौरान देश का स्टील आयात साल साल के उच्चतम स्तर 57 लाख टन पहुंच गया। सज्जन जिंदल ने कहा कि देश में अधिक चीनी स्टील का अर्थ है कि स्टील मार्जिन कम रहेगा जबकि निवेश और क्षमता विस्तार के लिए अधिशेष भी अधिक नहीं रहेगा।

इस महीने की शुरुआत में एक अन्य कंपनी टाटा स्टील के मुख्य कार्य अधिकारी टीवी नरेंद्रन ने कहा था कि लंबे समय तक स्टील आयात से उद्योग की निवेश योजनाओं को हानि हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि सज्जन जिंदल ने उम्मीद जताई है कि इस साल जनवरी के अंत तक उनके प्रस्तावित जेएसडब्ल्यू सीमेंट की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल जाएगी। सितंबर में सेबी द्वारा 47.7 करोड़ डॉलर के आईपीओ पर रोक लगाने के बाद समूह ने पहली बार इस बारे में कोई टिप्पणी की है।

## पृष्ठ 1 के शेष

### एयरटेल ने नोकिया को दिया बड़ा ठेका

**एयरटेल** ने स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है, 'नोकिया अपने मल्टीबैंड रेडियो और बेसबैंड उपकरणों के साथ एयरटेल के मौजूदा 4जी नेटवर्क को आधुनिक बनाएगी जो 5जी के लिए भी उपयुक्त होगा।'

एयरटेल ने कहा कि कंपनी नेटवर्क की बेहतर निगरानी एवं प्रबंधन के लिए नोकिया के मंटारे नेटवर्क मैनेजमेंट का भी फायदा उठाएगी। इसमें एआई आधारित टूल्स कवरिंग डिजिटल डेप्लॉयमेंट, ऑप्टिमाइजेशन ऐंड टेक्निकल सपोर्ट का उपयोग किया जाता है। कंपनी अब 4जी क्षमता में निवेश नहीं कर रही है। वह उन बाजारों में 5जी सेवाएं शुरू करने के लिए काम कर रही है जहां उसे मोबाइल फोन और फिक्स्ड वायरलेस ऐक्सेस पर 5जी की मांग दिख रही है। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गोपाल विट्ठल ने कहा, 'नोकिया के साथ यह रणनीतिक साझेदारी हमारे नेटवर्क बुनियादी ढांचे को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाएगी। साथ ही यह उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करेगी और ऐसा नेटवर्क उपलब्ध कराएगी जो पर्यावरण के अनुकूल होगा।' चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में एयरटेल पूंजीगत व्यय मद में 13,061 करोड़ रुपये पहले ही खर्च कर चुकी है। वित वर्ष 2024 में कंपनी का पूंजीगत व्यय 33,353 करोड़ रुपये रहा था जो वित्त वर्ष 2023 के 28,057 करोड़ रुपये से अधिक था।

### टाटा संस की बोर्ड बैठक में शामिल होंगे नोएल!

**साल** 2022 में टाटा संस के एसोसिएशन ऑफ आर्टिकल्स में विशेष रूप से संशोधन किया गया था ताकि कोई भी व्यक्ति एक ही समय में टाटा संस और टाटा ट्रस्ट दोनों का चेयरमैन पद नहीं संभाल सकता है। एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में समूह के मानद चेयरमैन के रूप में रतन टाटा ने 24 अक्टूबर, 2016 को टाटा संस के बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की थी और सायरस मिस्त्री को चेयरमैन पद से हटा दिया गया था। उसके बाद 21 फरवरी, 2017 को चंद्रशेखरन के कार्यकारी चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभालने तक रतन टाटा को टाटा संस का अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया गया था।

**भोपाल संस्करण :** बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं